मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm- 172
05/06/2019

सम्पूर्ण क्रान्ति दिवस पर लोकनायक जयप्रकाश नारायण को शत–शत किया गया नमन

पटना, 05 जून 2019 :– आज सम्पूर्ण क्रान्ति दिवस के अवसर पर गाँधी मैदान के दक्षिण–पश्चिम छोर पर स्थित गोलम्बर में स्थापित महान क्रान्तिकारी, स्वतंत्रता सेनानी लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा स्थल पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, पथ निर्माण मंत्री श्री नन्दकिशोर यादव, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, उद्योग मंत्री श्री श्याम रजक, सूचना जन–सम्पर्क मंत्री श्री नीरज कुमार, विधायक श्री अरूण कुमार सिन्हा, पूर्व मंत्री श्री मिथिलेश सिंह, पूर्व महासचिव नागरिक परिषद श्री अरविंद कुमार सिंह सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें शत–शत नमन किया तथा उनके बताये आदर्शों को याद किया।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन एवं आरती पूजन की गयी।

******